दिन– रविवार दिनांक– 06 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में गंगा, गंडक, पुनपुन, सोन समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि से बाढ़ की स्थिति गम्भीर। पटना, भागलपुर, कटिहार, समेत बारह जिलों की दस लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित।

02. दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वल्लुरी कामेश्वर राव को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक अनिश्चितता के बीच सात दशमलव आठ प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि भारत की आर्थिक शक्ति को दर्शाती है।

04. और, प्रदेश में शहरों के सुनियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए बिल्डिंग बायलॉज को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश की प्रमुख नदियों गंगा, गंडक, सोन, पुनपुन समेत अन्य नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। इससे तटबंधों पर दबाव बना हुआ है और नये इलाकों में पानी फैलने लगा है। पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, मुंगेर, कटिहार समेत बारह जिलों की दस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी मंत्री और सचिव को कैम्प कर राहत और बचाव कार्य की निगरानी के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री भी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं। पटना के गांधी घाट में गंगा के उच्चतम जलस्तर का नया रिकॉर्ड बना है। दस साल पहले दो हजार सोलह में गांधी घाट में गंगा का जलस्तर पचास दशमलव पांच दो मीटर था, जो अब पचास दशमलव पांच सात मीटर पहुंच गया है। यह खतरे के निशान से एक सौ तिरासी सेंटीमीटर अधिक है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पुनपुन नदी पर बना रिंग बांध टूटने से फुलवारी प्रखंड के कई गांवों में पानी प्रवेश कर गया है। पटना–गया रेलखंड पर बाढ़ का पानी चढ़ जाने से रेल आवागमन प्रभावित हुआ है। रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर दस मेमू ट्रेनों का परिचालन आज रद्द कर दिया है। वहीं, कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

भागलपुर के विभिन्न प्रखण्डों में बाढ़ की स्थिति विकट बनी हुई है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

–––साउंड बाईट–––

जिले के नौ प्रखण्डों के पैंतालीस गांवों और इकहत्तर वार्ड गंगा के बाढ़ से प्रभावित हैं। इन इलाकों में अड़तालीस हजार से अधिक लोगों के लिए जीवन मुश्किल हो रहा है। प्रशासन की ओर से सामुदायिक किचेन और राहत शिविर लगाकर लोगों को सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कटाव प्रभावित क्षेत्र राघोपुर काजीकोरैया में ध्वस्त तटबंध स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा करने और तटबंधों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

गोपालगंज में गंडक नदी के जल स्तर में कमी के कारण थोड़ी राहत मिली है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ और कटाव प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

–––साउंड बाईट–––

जिले में गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि वाल्मीकिनगर बराज से दो लाख बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जा रहा है। साथ ही, कैम्पो में रह रहे लोगों को राहत सामग्री और मेडिकल सहायता पहुंचायी जा रही है। जिलाधिकारी समीर सौरव ने डुमरिया घाट और अन्य तटबंधों का निरीक्षण किया। इधर, गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर बैकवॉटर प्रभाव की आशंका के बीच सभी तैयारियां की जा रही हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश कुमार तिवारी।

कटिहार जिले में गंगा और स्थानीय नदियों में उफान से तीन प्रखण्डों की बड़ी आबादी बाढ़ से प्रभावित है। एक रिपोर्ट–

–––साउंड बाईट–––

जिले में गंगा, कोसी, कारीकोसी और बरण्डी नदी में उफान से कई पंचायतें जलमग्न हो गई हैं। बरारी प्रखण्ड के दक्षिण भण्डार तल और मोहना चांदपुर में गंगा का पानी प्रवेश कर गया है। कई स्थानों पर सड़क संपर्क भंग हो गया है। प्रभावित इलाकों में प्रशासन की ओर से नावों का परिचालन किया जा रहा है। मनहारी प्रखण्ड की सात पंचायतें बाढ़ के पानी से घिर गई हैं। कुरसेला प्रखण्ड के पूर्वी मुरादपुर सहित कई पंचायतों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में निगरानी की जा रही है। कई स्थानों पर सामुदायिक रसोई, मेडिकल कैम्प और पशुचारे की भी व्यवस्था की गई है।

आकशवाणी समाचार के लिए कटिहार से मुकेश चौधरी।

––––––––––––––––––––––––––––––––

हमारे छपरा संवाददाता ने बताया कि माही नदी का दायां तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने से कई नये क्षेत्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इधर, शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड से होकर गुजरने वाली गंगा की सहायक हरोहर नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल जलमग्न हो गयी है। जहानाबाद जिले में दरधा और मोरहर नदी के जलस्तर में कमी आने से बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। इस बीच, आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़

प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। इधर, जल संसाधन विभाग ने नदियों के तटबंधों पर निगरानी बढ़ा दी है।

——————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के नौतन में सबसे अधिक अस्सी दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज अररिया, कटिहार और किशनगंज जिले में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

———साउंड बाइट———

——————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की सात दशमलव आठ प्रतिशत की तिमाही वृद्धि आर्थिक शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत ने नीतिगत अवरोध से नीतिगत गतिशीलता तक का लंबा सफर तय किया है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स –एस आर सी सी के शताब्दी समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनते हुए देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एस.आर.सी.सी. ने वर्षों से छात्रों की कई पीढ़ियों को सीखने, आगे बढ़ने और समाज में बदलाव लाने का अवसर दिया है।

———साउंड बाईट———

जब कोई इंसान सौ वर्ष जीता है तो उसे अनुभवों का सागर माना जाता है और जब कोई संस्थान सौ वर्ष का होता है तो वह उपलबधियों और प्रेरणाओं का महासागर हो जाता है। अपनी सौ वर्षों की इस यात्रा में एसआरसीसी ने पीढियों को गढ़ा है, उन्हें उज्ज्वल भविष्य से जोडा है। जो आए उन्होंने पढ़ा और जो निकले वह गढे हुए निकले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीय मिलकर भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाएंगे।

——————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय कोलेजियम की सिफारिश के बाद आठ उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी गई है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश वल्लुरी कामेश्वर राव को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसके अलावा बॉम्बे उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, राजस्थान उच्च

न्यायालय समेत सात अन्य उच्च न्यायालयों में भी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

प्रदेश में शहरों के सुनियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए बिल्डिंग बायलॉज को अधिक सरल और परदर्शी बनाया जायेगा। साथ ही नक्शा पास करने से लेकर छोटे भू–खंडों पर निर्माण जैसे नियमों को अधिक लचीला बनाया जायेगा। पटना में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बिहार बिल्डिंग बायलॉज दो हजार छब्बीस के प्रारूप पर गठित उच्च स्तरीय मंत्रियों के समूह की बैठक हुई। इसमें कई सुझाव भी सामने आये। बैठक में भवन निर्माण सहित शहरी विकास को अधिक सुगम और गतिशील बनाने से जुड़े मुद्दों पर विमर्श भी हुआ। बैठक में ग्रामीण विकस मंत्री श्रवण कुमार, सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह भी शामिल थे।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि मेडिकल कॉलेजों में अब संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मेडिकल कॉलेजों का विस्तार केवल चिकित्सा, शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि इसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकों की उपलब्धता और मरीजों को बेहतर उपचार मिलने पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि छपरा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा समस्तीपुर के श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस की पचास–पचास सीटों पर नामांकन की अनुमति मिलना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वय प्रयास से बिहार में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विकास हो रहा है।

———————————————————————

प्रदेश के विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत कॉलेजों को सम्बद्धता देने से पूर्व निरीक्षण और आवश्यक जांच को अनिवार्य कर दिया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि सम्बद्धता के लिए आवेदन करने वाले कॉलेजों की जांच आठ अक्टूबर तक पूरी कर ली जाए।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को दो सौ दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ, किशनगंज से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब खबरें खेल की....

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने कर्नल सी. के. नायडू अन्डर नाईनटीन क्रिकेट चैपिंयनशिप के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की है। चयनित खिलाड़ियों के लिए ग्यारह सितम्बर से स्किल और फिटनेस शिविर शुरू होगा।

पटना के दानापुर में आज राज्यस्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मिस्टर इंडिया और मिस्टर बिहार के खिताब के लिए देश और प्रदेशभर के दो सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बाढ़ से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बाढ़ की खबर पर लिखा है– पटना में दस साल बाद गंगा उच्चतम स्तर पर, बाढ़ से बारह जिलों के हालात गम्भीर।

दैनिक जागरण इसी खबर पर लिखता है– गंगा–पुनपुन में उफान से बिगड़े हालात, हाई अलर्ट।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– शिक्षक दिवस पर बिहार की दो शिक्षिकाओं को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– वित्त रहित शिक्षकों के लिए अलग वेतनमान बनेगा, शिक्षक ट्रेनिंग विश्वविद्यालय खुलेगा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में गंगा, गंडक, पुनपुन, सोन समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि से बाढ़ की स्थिति गम्भीर। पटना, भागलपुर, कटिहार, समेत बारह जिलों की दस लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित।

02. दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वल्लुरी कामेश्वर राव को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– वैश्विक अनिश्चितता के बीच सात दशमलव आठ प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि भारत की आर्थिक शक्ति को दर्शाती है।

04. और, प्रदेश में शहरों के सुनियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए बिल्डिंग बायलॉज को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जायेगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।